हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 9 मार्च, 2022/18 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 52

सौर ऊर्जा पैनल

***4962 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में किन-किन सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इससे कितनी बिजली का उत्पादन हो रहा है तथा सरकारी खजाने में कितने धन की बचत होती है; और

(ग) प्रदेश में किन-किन जिलों में सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किए गए हैं व इनसे कितनी मैगावाट बिजली उत्पन्न हो रही है; ब्यौरा दें?

सामाजिक अंकेक्षण इकाई

***4963 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत सामाजिक अंकेक्षण इकाई (Social Audit Unit) में कार्यरत कर्मचारियों का मानदेय मासिक निश्चित करने व स्थाई नीति निर्धारण करने का सरकार

विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पुल निर्माण

***4964 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि बी0बी0एम0बी0 द्वारा सुन्दरनगर की सुकेती खड्ड पर धारनडा तलवाली के पास जीप योग्य पुल बनाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस कार्य हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो यह निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

कॉलेज भवन निर्माण

***4965 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भरमौर कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

मिनी सचिवालय

***4966 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत फतेहपुर में मिनी सचिवालय बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा व कार्य आरम्भ न करने के क्या कारण हैं?

विकास खण्ड कार्यालय

***4967 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विकास खण्ड कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कहां व कब तक विकास खण्ड कार्यालय खोल दिया जाएगा; विवरण दें?

मनरेगा के तहत कार्य

***4968 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक विकास खण्ड कार्यालय संगड़ाह में मनरेगा के अन्तर्गत कितने कार्य हुए जोकि 5,00,000/ रुपये से अधिक धनराशि के हैं; ब्यौरा पंचायतवार, स्वीकृत धनराशि व कृत्त कार्य सहित दें?

पदपूर्ति

***4969 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कितने पद स्वीकृत थे तथा कितने पदों को किन कारणों से रिज़र्व पूल के माध्यम से यहां से स्थानांतरित कर दिया गया; क्या सरकार यहां पर छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन पदों को दोबारा रिज़र्व पूल के माध्यम से यहां पर स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

प्राकृतिक आपदा के मामले

***4970 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि एस0डी0एम0 कार्यालय रोहड़ू व डोडरा-क्वार में प्राकृतिक आपदाओं (Natural Calamities such as fire, accidents and other death cases etc.) के कितने मामले भुगतान हेतु लम्बित हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

धनराशि का प्रावधान

***4971 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय उच्च विद्यालय ढलोग, बैली, ढगोह व सलोह तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुलारा, टुंडी, ककीरा, मेल व धादु और राजकीय महाविद्यालय सिंहुता के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कितनी धनराशि शेष है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चक्की (Chakki), नाहना(Nahana), बसोल्दा (Basolda), भागिएन (Bhagien), जुंगला(Jungla), बडेई(Badei), कुड्डी-II(Kuddi-II), तारिमठ(Tarimath), कुठेड़-I(Kuthed-I), हुनेरा(Hunera), बिहाली(Bihali), लुहानी(Luhani), सुआग्लु (Suaglu) घट्टा(Ghatta) के भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति का धनराशि सहित ब्यौरा दें?

बागवानी विकास योजना

***4972 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बागवानी विकास योजना के अन्तर्गत जिला किन्नौर में किए गए कार्यों का योजनावार व वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जिला किन्नौर में कितनी धनराशि व्यय की गई; योजनावार व वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में जनजातीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य किए गए; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का योजनावार व वर्षवार दें?

दमोठी सब्जी मण्डी मार्केट यार्ड

***4973 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दमोठी में सब्जी मण्डी के मार्केट यार्ड के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; इसकी अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार द्वारा इसके निर्माण हेतु क्या पग उठाए गए?

सोलर लाइट

***4974 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा जिला ऊना में ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट्स स्थापित करने के लिए हिम ऊर्जा को अधिकृत किया है; क्या उन्हीं दरों पर खुले बाजार से भी सोलर लाइटें क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई है;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला ऊना की समस्त ग्राम पंचायतों में कितनी सोलर लाइटें स्थापित की गईं; ब्यौरा दें; और

(ग) ज़िला ऊना की ग्राम पंचायतों में इस समय कुल कितनी सोलर लाइट्स कार्यान्वित हैं व कितनी खराब पड़ी हैं; ब्यौरा दें?

लकड़ी के खम्भे

***4975 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विद्युत मण्डल में कितने लकड़ी के खम्भों को बदला गया व कितनों को बदलना शेष है; ब्यौरा लागत सहित दें?

बागवानों को सब्सिडी

***4976 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानों को कितनी अनुदान की धनराशि देय है व कितने बागवानों को प्राप्त हो चुकी है;

(ख) चौपाल और ठियोग क्षेत्रों के बागवानों का नाम, प्राप्त सब्सिडी की धनराशि, स्थान व पते सहित वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) जिन बागवानों को सब्सिडी की धनराशि प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें यह कब तक स्वीकृत कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

लोकल एरिया डवलपमेंट फंड

***4977 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विद्युत परियोजनाओं में किस आधार पर लोकल एरिया डवलपमेंट फंड (LADF) में धन आबंटित किया जाता है;

(ख) सावड़ा-कुड्डू जल विद्युत परियोजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी पंचायतें प्रभावित क्षेत्र में आती हैं तथा इन पंचायतों को अभी तक कितनी धनराशि का आबंटन लोकल एरिया डवलपमेंट फंड के तहत किया गया है;

(ग) प्रभावित पंचायतों के नाम, योजना का नाम, स्वीकृत धनराशि सहित वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) इस परियोजना के तहत लोकल एरिया डवलपमेंट फंड की कितनी धनराशि लम्बित है तथा इसका कब तक आबंटन प्रभावित पंचायतों में कर दिया जाएगा?

ऐतिहासिक मंदिरों का पुनर्स्थापन

***4978 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गोविन्द सागर झील बनने के फलस्वरूप उसमें जलमग्न हुए पुराने बिलासपुर शहर के ऐतिहासिक मंदिरों के पुनर्स्थापन हेतु चिन्हित स्थान की भूमि का स्थानांतरण क्या विभाग के नाम हो चुका है; यदि हां, तो कब; और

(ख) इन मंदिरों के पुनर्स्थापन का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

School Buildings

***4979 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many Senior Secondary School Buildings are being constructed in

Theog Assembly Constituency and since when; provide data of each School and financial year-wise fund allotment for the last 3 years;

(b) number of subjects taught in each school other than elementary level, students having joined initially, change of subjects because of non-availability of teachers and total number of enrolled students in the last 3 years and the number of SC students; and

(c) provide number of vacancies of teachers in each school and since how long; details be given?

Employees engaged through HP Horticulture Division Society

***4980 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many persons have been engaged in Horticulture Department/Dr. YS Parmar Horticulture University and other components of Horticulture Department through HP Horticulture Development Society;

(b) whether it is true that their EPF and ESIC are not being deducted by the Department; if yes, reason thereof; and

(c) whether the Government will consider to frame a policy for these workers; details be given?

टेंडर आबंटन

***4981 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक प्रदेश में 20 करोड़ रुपये की धनराशि से अधिक के कितने टेंडर जल शक्ति विभाग द्वारा आबंटित किए गए;

(ख) ये टेंडर किन फर्मों / ठेकेदारों को आबंटित हुए; कितनी धनराशि के टेंडर कितनी धनराशि में अवार्ड हुए; और

(ग) प्रत्येक टेंडर में कितनी फर्मों ने हिस्सा लिया; ब्यौरा टेंडरवार सभा पटल पर रखें?

लुहरी विद्युत परियोजना

***4982 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्माणाधीन लुहरी विद्युत परियोजना चरण-I के अधीन कितने लोगों को रोजगार दिया गया है; ब्यौरा दें?

Kisan Pass Book

***4983 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state is it a fact that Kisan Pass Books are not being made available to farmers in Solan Assembly Constituency; has the Government stopped the Kisan Pass Books; if not, how many Kisan Pass Books have been distributed during the last 3 years in Solan Assembly Constituency and in the State; details be given?

अटल आदर्श विद्यालय

***4984 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक अटल आदर्श विद्यालय बनना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो जो भूमि वन विभाग से शिक्षा विभाग को ट्रांसफर होनी प्रस्तावित है, क्या उसकी फॉरैस्ट क्लीयरैंस प्रदान कर दी गई है; यदि हां, तो अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

फर्ज़ी डिग्री घोटाला

***4985 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में फर्ज़ी डिग्री घोटाले मामले में सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की है; और

(ख) इन फर्ज़ी डिग्रियों के आधार पर जिन लोगों ने सरकारी नौकरी प्राप्त की थी, क्या उन

कर्मचारियों पर सरकार ने कोई कार्रवाई अमल में लाई है; ब्यौरा दें?

अटल आदर्श विद्यालय कोटला

***4986 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अटल आदर्श विद्यालय कोटला के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चैड़ी

***4987 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला चैड़ी का भवन जर्जर हालत में है; यदि हां, तो क्या सरकार इस भवन को असुरक्षित घोषित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

बी0डी0ओ0 कार्यालय

***4988 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार दून क्षेत्र में बी0डी0ओ0 कार्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भवन निर्माण

***4989 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय उच्च पाठशाला धरोटी, राजगढ़ के भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बाड़बंदी

***4990 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ज़िला कांगड़ा में बाड़बंदी पर कितनी धनराशि उपदान के रूप में प्रदान की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) बाड़बंदी से पूर्व कितनी भूमि को किसानों ने बेसहारा या जंगली जानवरों के कारण जोतना बंद कर दिया था; कितनी भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाया गया है; और

(ग) जिस भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाया गया है, क्या सरकार उसके मूल्यांकन हेतु कोई third party impact evaluation करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

प्राथमिक पाठशालाएं

***4991 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक पाठशालाएं हैं; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम, कमरों व विद्यार्थियों की संख्या सहित दें;

(ख) विद्याथियों की संख्यानुसार समस्त प्राथमिक पाठशालाओं के कमरे पर्याप्त हैं; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार इन पाठशालाओं के अतिरिक्त कमरे बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पंचायतों का पुनः गठन

***4992 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लम्बागाँव विकास खण्ड की तीन पंचायतों ढंढोल, मतयाल व कुडंग और विकास खण्ड पंचरुखी की आठ पंचायतों भिरडी, चड़ियार, छेक, सलेहरा, भुलाना, द्रुग व सिम्वल को विकास खण्ड बैजनाथ के साथ जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

Pending Bills

***4993 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) how much amount of electricity bills are pending in HP State Electricity Board, Kullu Division from various Departments and local bodies;

(b) what measures will be taken to recover the dues; and

(c) what will be the consequences if bills are not paid by the defaulter Departments, Nagar Parishad and Nagar Panchayat; details be given?

पदपूर्ति

***4994 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने सरकारी महाविद्यालय स्थापित हैं; कितने महाविद्यालयों में नियमित प्रधानाचार्य कार्यरत हैं; और

(ख) कितने महाविद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद रिक्त हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

ब्यास नदी तटीयकरण

***4995 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ब्यास नदी का तटीयकरण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विज्ञान भवन निर्माण

***4996 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत

राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में विज्ञान भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा विज्ञान विषय की कक्षाएं कब तक आरम्भ कर दी जाएंगी?

Construction of Science Block

***4997 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) when the construction work of the science block of GSSS Hamirpur was started;

(b) how much amount was sanctioned for the same; and

(c) what is the latest position of construction of this science block?

उठाऊ सिंचाई योजना कोठार

***4998 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जल शक्ति मण्डल देहरा के अन्तर्गत उठाऊ सिंचाई योजना कोठार कब से बन्द पड़ी हैं; इस योजना के अन्तर्गत कितने कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं; पदवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस योजना के बंद होने का कारणों सहित ब्यौरा दें?

पंचायत सचिव

***4999 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितनी पंचायतें हैं व वर्तमान में कितने पंचायत सचिव अपनी सेवाएं दे रहे हैं; और

(ख) क्या कोई सचिव अपने घर के साथ लगती पंचायत में अपनी सेवा दे सकता है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इस नीति में कोई बदलाव करने का विचार रखती है, जिससे घर के साथ लगती पंचायत में पंचायत सचिव अपनी सेवा दे सके ; ब्यौरा दें ?

टी0जी0टी0 नियुक्ति

***5000 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा हाल ही में प्रदेश के सभी जिलों में टी0जी0टी0 की नियुक्ति की गई है; यदि हां, तो जनजातीय क्षेत्र भरमौर में कितने टी0जी0टी0 लगाए गये, कितनों ने अपनी उपस्थिति सूचना दर्ज की; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***5001 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रे महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

रेणुका बांध परियोजना

***5002 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रेणुका बांध का निर्माण आरम्भ होने से पूर्व सरकार सामाजिक प्रभाव आकलन करवाएगी;

(ख) न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों की अनुपालना में पेमेंट कब तक करवा दी जाएगी;

(ग) क्या सरकार बांध निर्माण कार्य शुरू होने से पहले एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले परिवारों के साथ-साथ सभी विस्थापितों का पुनर्स्थापन करने का विचार रखती है; और

(घ) क्या आवास-विहीन लोगों को मकान बनाने के लिए दी जाने वाली बढ़ी हुई पेमेंट न्यायालय द्वारा बांध का कार्य शुरू होने से पहले दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5003 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में कंप्यूटर विषय तथा जीव विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है?

भवन निर्माण

***5004 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहा, सरांह व कुपवी के भवन निर्माण का कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

बागवानी विषय

***5005 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बागवानी विषय को वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में पढ़ाया जाता था; यदि हां, तो इस विषय को बंद क्यों किया गया; सरकार पुनः इस विषय को पढ़ाने का विचार रखती है?

कोलडैम विस्थापित

***5006 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर में स्थित एन0टी0पी0सी0 कोलडैम का जनवरी, 2013 में कोलडैम विस्थापितों के साथ एक एग्रीमेंट किया गया था, जिसमें कुल विद्युत उत्पादन के लाभांश का 01 प्रतिशत कोलडैम विस्थापितों को देने का निर्णय लिया गया था जिसकी अभी तक एक ही क़िस्त जारी हुई; और

(ख) यदि हां, तो अब तक कितनी किस्तों की अदायगी शेष है, लम्बित धनराशि की किस्तों को कब तक जारी कर दिया जाएगा?

Milk Producers

***5007 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government aware that the Milk producers of Rampur, Nankhari, Anni, Nirmand, Karsog, Kotgarh and Kumarsain are agitated on the low procurement price being provided to the milk producers by the procurement centers of the Himachal Milk Federation;

(b) has the Government taken any steps to negotiate with them; has the Government made any scientific survey and studies to calculate the cost of production of milk in the different regions of the State; if not, the reasons for the same; if yes, lay the survey report on the Table of the House;

(c) what has been the cost of production of milk from the cost of grass, wheat & tudi different qualities of animal feed, cost of transportation, labour costs and also rate of inflation in the last one year; provide a comparative chart for the calendar year 2020 and 2021 by including all the above items;

(d) what is the total procurement of Milk in the Milk collection Plant at Kepu and Dutnagar; has the quantity of milk and its quality increased or decreased over the calendar year 2021 in comparison with 2020; how many posts of Veterinary Staff are lying vacant in the various Veterinary Institutions in Rampur, Nankhari, Kotgarh, Kumarsain, Nirmand, Anni and Karsog and since how long;

(e) what steps the Government has taken to fill-up these posts; and

(f) how many people have done Veterinary Pharmacy in the State; how many of them are without jobs; how many GPVA who have completed two years of contract period have not been regularized and the reasons for the same; details with addresses of all such persons be given?

Construction Work of LIS

***5008 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that construction work of LIS Anu-Ratia-Mandrech and Koti-Ogli Schemes have been completed; and

(b) if yes, when these schemes will be inaugurated; details be given?

Procurement of Pipes

***5009 Sh. Mukesh Agnihotri (Haroli):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2022, how many GI pipes/DI pipes/HDPE pipes have been procured by JSV; provide details of supply of Pipes year-wise, Dia-wise, Division-wise and details of these pipes alongwith their cost be given; and

(b) whether these pipes which has been procured, stands consumed or not; if not, then what were the reasons for procuring these pipes in advance; details be given?

पशु औषधालय

***5010 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पशु औषधालय पजेंडा को स्तरोन्नत करने तथा बांशा, मरोलदढ़ व जाबो में नया पशु औषधालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

योजनाओं का ब्यौरा

***5011 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सोलन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कोठी बाड़ा ब्लॉक कंडाघाट उठाऊ पेयजल योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह सत्य है कि लघु उठाऊ सिंचाई योजना सैंज-कसौली-कहली-चनोगड़ी को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किया गया है; इस योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; क्या इस योजना हेतु कोई बजट स्वीकृत किया गया है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरंभ कर दिया जाएगा?

----

33 के0वी0 सब-स्टेशन

***5012 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत समैला नामक स्थान पर 33 के0वी0 सब-स्टेशन का निर्माण होना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा और इसके निर्माण कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी?

छात्रवृत्ति घोटाला

***5013 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थानों में हुए छात्रवृत्ति घोटाले में किन-किन संस्थानों के नाम सामने आए हैं; इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।